तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]


12 नरहरदेव मैदान में कल आतिशबाजी के साथ होगा...


12 नवजोत मां दुर्गोत्सव समिति ने अष्टमी...

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

सफलता : कांकेर एसडीओपी तिरियारपानी मुठभेड़ में मिले तीसरे हथियार की कर रहे तस्दीक

# रानी बोदली कैंप से लूटे हुए हथियारों में दो हथियार तिरियारपानी मुठभेड़ में हुए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पुलिस पर सबसे बड़ा हमला बीजापुर के रानी बोदली कैंप पर 2007 में हुआ था, जिसमें 55 जवान शहीद हुए थे। नक्सली इस कैंप से हथियार लूट कर ले गए थे। इस घटना में लूटे हुए हथियारों में दो हथियार तिरियारपानी मुठभेड़ में पुलिस को बरामद करने में सफलता मिली है। हथियार मिलने से फिर से रानी बोदल कैंप घटना याद आ गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के मार्गदर्शन में एसडीओपी कांकेर मोहसिन खान ने तिरियारपानी मुठभेड़ में मिली सामग्री की तस्दीक करने पर पाया कि तिरियारपानी मुठभेड़ में मिले तीन हथियार में से दो हथियार ऐसे है, जो रानी बोदली कैंप पर हुए हमले में लूटे थे। हरिभूमि ने हथियार के बारे में एसडीओपी से जानकारी चाही, इस पर उन्होने बताया कि तिरियारपानी मुठभेड़ में मिली एसएलआर यानी 7.62 एसएलआर बाडी नंबर बीजेड 0304 और थ्री नाट थ्री रायफल बाडी नंबर 16670 एक्स रानी बोदली कैंप से लूटी हुई थी। रानी बोदली कैँप की घटना 15 मार्च 2007 को हुई थी। रानी बोदली कैंप की घटना के हथियार मिलने से कांकेर जिला के साथ-साथ छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। उन्होने बताया कि तिरियारपानी मुठभेड़ में मिला तीसरा हथियार 12 बोर बंदूक है, जिसकी तस्दीक की जा रही है।

**बीजापुर के रानीबोदली कैंप में नक्सलियों ने 2007 को किया था हमला, 55 जवान हुए थे शहीद**

हरिभूमि फॉलोअप


खतरा : खेत में काम करने वाले ग्रामीण गोलियों की आवाज सुनकर भागे घर
तिरियारपानी जंगल का 3 किमी क्षेत्र गोलियों की आवाज से तीन घंटे तक गूंजा, ग्रामीणों में दहशत



**छग गठन के बाद पुलिस पर सबसे बड़ा था हमला**

रानी बोदली कैंप की घटना छग राज्य गठन के बाद नक्सलियों का पुलिस पर सबसे बड़ा हमला था। विदित हो कि वर्ष 2005 में सलवा जुडूम शुरू होने के बाद राहत शिविर में आए हुए ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह कैंप स्थापित कर जवानों की तैनाती की गई थी। रानीबोदली कैंप भी उसी का हिस्सा था, इस कैंप में छसबल नौंवी वाहिनी सी कंपनी के जवान थे। नक्सली सलवा जुड़ुम के खिलाफ थे और 15 मार्च 2007 को लगभग 600 नक्सलियों ने रात 12 बजे रानीबोदली कैंप को घेर लिया था और इस मुठभेड़ में 55 जवान शहीद हुए थे, वहीं 7 नक्सली मारे गए थे। इस घटना में नक्सलियों ने कैंप से 13 एसएलआर, 09 थ्री नाट थ्री, 03 एके 47, 01 इंसास, 01 2 इंच मोर्टार, 01 नाईट वीजन डिवाईस और 10 मसकेट लूटकर ले गए थे।

**सलवा जुडूम की पृष्ठभूमि**

करकेली गांव के कुछ युवकों को नक्सली जबरदस्ती उठा ले गए थे, जिन्हें छुड़ाने के लिए गांव के वाचम एवड़ा, मिच्चा हुंगा समेत कुछ युवकों ने एक बैठक कर नक्सलियों के खिलाफ आवाज उठाने का ऐलान किया था। इस बैठक के दूसरे दिन जब नक्सली करकेली गांव पहुंचे तो स्थानीय युवकों ने उन्हें पकड़ लिया। इस घटना से नाराज नक्सलियों ने 7 लोगों की हत्या कर दी, जिसमें वाचम एवड़ा के साथ तुमला गांव में लेखराम भी शामिल थे। नक्सलियों के इस हिंसक कृत्य के बाद ग्रामीणों में उनके खिलाफ गुस्सा भड़क गया। इसके बाद करकेली के ग्रामीणों ने फिर से एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक को आदिवासियों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ सलवा जुडूम आंदोलन की शुरुआत मानी जाती है। नक्सलियों द्वारा की गई हिंसा के खिलाफ आदिवासी आंदोलन सलवा जुडूम की पहली बैठक कुटरू से 20 किलोमीटर दूर इंद्रावती नदी के किनारे बसे करकेली गांव में हुई थी।

**सलवा जुडूम की घोषणा**

सलवा जुडूम आंदोलन की औपचारिक शुरुआत 4 जून 2005 को छत्तीसगढ़ के बीजापुर के कुटरू से हुई थी। इसके लिए एक बड़ी सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा में छत्तासगढ़ के तत्कालीन राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी, कलेक्टर, एसपी समेत पक्ष विपक्ष के कई बड़े नेता शामिल हुए थे। सबसे बड़ी बात यह है कि इस आंदोनल में नेता और अधिकारियों के साथ करीब 20 से अधिक गांवो के आदिवासी भी शामलि हुए थे। कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा इस विशाल सभा की अगुआई कर रहे थे। इस दौरान महेंद्र कर्मा ने कहा कि सलवा जुडूम माओवादी हिंसा के खिलाफ एक शांतिपूर्ण आंदोलन है। उन्होंने कहा था कि इस आंदोलन का नाम स्थानीय गोंडी भाषा में ही रखा जाए, ताकि अधिक से अधिक स्थानीय लोग इसे समझ सके और इससे जुड़ सके। कर्मा ने ही इस आंदोलन का नाम सलवा जुडूम रखा था।

## नवरात्रि विशेष



### नवमी: सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-घान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है।

## फेंसिग तार की चोरी सरपंच ने की शिकायत



**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत आंवरी में निर्मित कचरा पृथक्करण शेड में लगे फेंसिंग तार को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। सरपंच जय प्रकाश गावड़े ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि कचरा पृथक्करण भवन में लगे शेड की सुरक्षा के दृष्टिकोण से फेंसिंग तार चारों ओर लगाया गया था। जिसे सोमवार की रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया, जिसकी अनुमानित लागत 14 से 15 हजार रुपए है।

## प्रतिबंधित टेबलेट व सीरप बेचने वाले एक नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लाभ अर्जित करने के नियत से नशीली टेबलेट एवं सीरप को कांकेर शहर में बिक्री करना आरोपियों को भारी पड़ा। आरोपियों के पास से नशीली टेबलेट, सीरप व मोबाईल, गाड़ी को जप्त करने में सफलता मिली है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार कांकेर पुलिस को 30 सितंबर को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ युवक अवैध मादक पदार्थ नशीली प्रतिबंधित टेबलेट एवं सिरप रखकर नया बस स्टैंड बाजार डोम में बिकी के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना की तस्दीक करने पर नया बस स्टैंड बाजार डोम में 03 व्यक्ति एक लाल काला रंग की स्कूटी के पास खड़े होकर आपस में कुछ बातचीत घेराबंदी कर पकड़कर अभिरक्षा में लेकर नाम पता पुछने पर उन्होंने अपना नाम कमशः दिनेश कोर्राम उर्फ दानू पिता दल्ली राम कोर्राम उम्र 29 वर्ष निवासी अघन नगर, राजकुमार सरकार पिता अनिल सरकार उम्र 26 वर्ष निवासी राजापारा और विधि से संघर्षरत बालक होना बताया। पुलिस ने गवाहों के समक्ष दिनेश के पास से निट्रोसन 10 टेबलेन 60 नग, एनीरेक्स प्लस सिरप 2 नग शीशी और एक पुरानी इस्तेमाली लाल काला रंग का होण्डा डीओ स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीपी 9711 एवं उसके डिग्गी में रखा निट्रोसन 10 टेबलेट 42 नग एवं एनीरेक्स प्लस सिरप 02 नग शीशी तथा एक पुरानी इस्तेमाली क्रीम कलर का वन प्लस नार्ड सीई लाईट मोबाईल बरामद किया। संदेही राजकुमार सरकार के ग्रे कलर के लोवर पाँकेट से निट्रोसन 10 टेबलेट 50 नग एवं एनीरेक्स प्लस सिरप सिरप 02 नग शीशी एवं एक पुरानी इस्तेमाली विवो 1818 मोबाईल बरामद हुआ एवं विधि से संघर्षरत बालक के काला रंग के लोवर पाकेट से निट्रोसन 10 ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बस्तर विकास प्राधिकरण के स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूरा करने कलेक्टर ने दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित, अपूर्ण एवं अप्रारंभ निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए

- समय-सीमा की बैठक में कार्यों की समीक्षा



संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने दिए। उन्होंने बस्तर विकास प्राधिकरण के तहत स्वीकृत कार्यों का निर्माण अब तक अपूर्ण एवं लंबित होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए इन्हें शीघ्रता से पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि ऐसे निर्माण कार्य जो काफी समय से लंबित हैं, उन्हें निरस्त करने की कार्यवाही तत्काल करें। उन्होंने आंगनबाड़ी भवन और पीडीएस सेंटर निर्माण कार्यों में भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा डीएमएफ मद के तहत निर्माण कार्यों की भी क्रमवार समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने एग्रीस्टैक और गिरदावरी की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आगामी 02 अक्टूबर को सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्रामसभा में गिरदावरी का वाचन रकबा सहित राजस्व अमलों की उपस्थिति में कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों द्वारा दी गई फसल का वास्तविक रकबे की जानकारी सभी को मिल सके। इस दौरान आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सभी संबंधित विभागों को शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री करने के भी निर्देश दिए। इसके ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सड़क हादसे में दो लोगों को आईं चोटें

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम घोटिया के पास सड़क दुर्घटना में वाहन में सवार दो लोगों को चोटें आईं हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना दुर्गुकोंदल में शिकायत करने पहुंचे



स्कूलपारा हानपतरी निवासी 23 वर्षीय डागेश कुमार नरेटी पिता मोती राम नरेटी ने पुलिस को बताया कि 27 सितंबर को सुबह करीबन साढ़े 4 बजें मै और बड़े भाई लोमेश कुमार गावड़े वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 2282 के चालक शैलेन्द्र यादव के साथ हार्डवेयर दुकान का सामान लाने दल्लीराजहरा जा रहे थे। ग्राम घोटिया के पास लगभग 5 बजे वाहन चालक शैलेन्द्र यादव के द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर वाहन से नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे लगे पेड़ में ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से भाई लोमेश कुमार का दाहिना पैर व कमर के पास चोट एवं मुझे सीने में दर्द था, जिसका भानुप्रतापपुर में इलाज कराने के बाद उचित इलाज के लिए धमतरी के अस्पताल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## रास गरबा में झूमीं नगर चारामा की माताएं



**चारामा।** नव्या स्व सहायता समूह के माताओं ने रास गरबा का आयोजन नाकापारा चारामा में किया गया। जिसमें नगर की माताएं, युवा साथियों द्वारा प्रति दिन पारंपरिक वेशभूषा में तैयार होकर रात्रि 9 बजे से 11 बजे तक गरबा नृत्य किया जा रहा। यह गरबा नृत्य आयोजन का द्वितीय वर्ष है, जिसमें छत्तीसगढ़ी, हिन्दी एवं गुजराती गीतों के माध्यम से गरबा नृत्य किया जाता है। अलग अलग दिन विशेष वेशभूषा में तैयार होकर माताएं परिवार के साथ शामिल होती हैं। इस आयोजन में नगर के नव्या स्व सहायता समूह के साथ अन्य महिला समूह, समस्त पार्षद एवं समाजसेवी साथियों का विशेष योगदान बना हुआ है। आगामी योजना में दीवाली त्यौहार के समय सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

## आरएसएस का जामगांव में पथ संचलन 8 अक्टूबर को, अन्य लोग भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम जामगांव में आगामी 8 अक्टूबर 2025 को एक भव्य पथ संचलन आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, स्वयंसेवकों के संघ तथा मातृशक्ति की संयुक्त पहल पर किया जा रहा है, जिसमें ग्रामवासियों की भी व्यापक भागीदारी रहने वाली है। पथ संचलन जामगांव बस स्टैंड से प्रारंभ होकर ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः बस स्टैंड पर समापन होगा। आयोजन समिति के अनुसार संचलन में शामिल होने वाले सभी स्वयंसेवक पूर्ण अनुशासन, ▶▶| शेष पेज 10 पर

सार्वजनिक प्रतिमा स्थलों पर अष्टमी में देर शाम प्रारंभ हुआ हवन

# देवी मंदिरों व देवी पंडालों में महाअष्टमी पर हुए हवन पूजन, माता को दी महाआहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शारदीय नवरात्र का महाअष्टमी पर्व मंगलवार को मनाया गया। सभी देवी पंडाल व मंदिरों में विशेष हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। मंगलवार

- दशहरा के दिन प्रतिमाओं का निर्धारित सरोवरों में होगा विसर्जन



की सुबह से ही शीतला और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नौ दिनों तक शक्ति की विशेष-पूजा अर्चना के बाद बुधवार को सेवा भजनों के साथ माता को विदाई दी जाएगी। शहर से लेकर गांवों में देवी प्रतिमा और ज्योत-जंवारा का सुबह से विसर्जन का दौर शुरू हो जाएगा। शहर में विराजे देवी प्रतिमाओं का विसर्जन देर शाम शुरू होगा। देवी प्रतिमाओं को ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी की गई है। नवरात्रि के महाअष्टमी के दिन 30 सितंबर मंगलवार को कांकेर के मंदिरों और पूजा पंडालों में देवी के दर्शन-पूजन को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। शहर से लेकर गांव तक के इलाके महाशिक्त देवी दुर्गा की आराधना में डूब गए हैं। नवरात्र में शहर के शीतला मंदिर में ज्योति कलशों की स्थापना कर अराधना किया गया। महाअष्टमी के पर्व पर मंगलवार की सुबह से हवन की तैयारी की जा रही थी और हवन निर्धारित समय दोपहर ▶▶| शेष पेज 10 पर

**ज्योति कलश का आज होगा विसर्जन**

शहर के देवी मंदिरों समेत पंडालों में महाअष्टमी को देर रात तक हवन पूजन कार्य किया गया, जिसके बाद आज नवमी को देवी मंदिरों में स्थापित ज्योति कलशों व जंवारा का विसर्जन किया जाएगा, वहीं पंडालों से माता को दशहरा की रात को डीजे की धुन में धूमधाम से नांचते गाते विसर्जन के लिए सरोवर की ओर ले जाएंगे।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113


CAMPUSE VIEW

## खबर संक्षेप

### जीएसटी पर दिखावा और नौटंकी बंद करे भाजपा : सुनील

**भानुप्रतापपुर।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बाबला पाढी ने कहा कि भाजपा नेता नगर में घूम-घूमकर व्यापारियों से मिलकर आत्मनिर्भर जीएसटी सुधार की जानकारी बाँट रहे हैं। पर सच्चाई यह है कि जब 2017 में जीएसटी लागू हुआ था, उसी समय व्यापारियों ने और कांग्रेस पार्टी ने आगाह किया था कि यह जटिल व्यवस्था छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग पर भारी पड़ेगी। लगातार जीएसटी की ऊँची दरों ने आम जनता की जेब पर बोझ बढ़ाया है। व्यापारियों को हर महीने ऑनलाइन रिटर्न और टैक्स प्रक्रिया से परेशान किया गया। भाजपा सरकार ने अब दरों में थोड़ी सी कमी कर जनता को दिखाने की कोशिश की है कि बड़ा सुधार हो गया है, लेकिन 7 साल से क्यों नहीं दी राहत। पेट्रोल-डीज़ल और रोज़मर्रा की चीज़ें अभी भी जीएसटी से बाहर हैं, जिससे जनता को महंगाई से कोई राहत नहीं मिली। कांग्रेस का मानना है कि सच्चा सुधार तभी होगा जब जीएसटी को सरल बनाया जाए, छोटे व्यापारियों को राहत मिले और आम उपभोक्ता को महंगाई से छुटकारा। भाजपा का प्रचार सिर्फ़ दिखावा है। असलियत यह है कि जीएसटी ने व्यापारियों और आम लोगों की परेशानियाँ बढ़ाई हैं। कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर जनता की आवाज़ बनकर इस अन्यायपूर्ण व्यवस्था के ख़िलाफ़ लड़ रही है।



### आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन निर्माण के लिए 40 लाख स्वीकृत

**कोण्डागांव।** एनएमडीसी परिक्षेत्र विकास निधि सीएसआर के तहत कोंडागांव जिले के पीढ़ापाल और लिहागांव में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन निर्माण के लिए कुल 40 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। यह निर्णय कलेक्टर कार्यालय के आदेशानुसार लिया गया। पीढ़ापाल, ग्राम पंचायत पीढ़ापाल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन निर्माण के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत माकड़ी को 20 लाख रूपए की प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर होगा सम्मान समारोह

**जगदलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन 1 अक्टूबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम आस्था निकुंज वृद्धाश्रम धरमपुरा में दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक किरण देव उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता सांसद महेश कश्यप करेंगे। विशेष अतिथि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय और निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन उपस्थित रहेंगे।

# ई–मार्केटप्लेस और डिजिटल मार्केटिंग पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

ई–मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से बाज़ार पहुँच एवं विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय सभा कक्ष में किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार की आरएएमपी योजना के अंतर्गत सम्पन्न हुआ।

अलग खबर

## जुड़े एमएसएमई, महिला उद्यमियों व स्वसहायता समूह

### आरएएमपी योजना के प्रयास

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की प्रबंधक श्रीमती कुसुमलता ने बताया कि आरएएमपी योजना के अंतर्गत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल मार्केटिंग और वित्तीय पहुँच बढ़ाने जैसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे सूक्ष्म उद्यमियों को नए अवसर प्राप्त होंगे।



### 77 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

कार्यशाला में लगभग 77 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें महिला उद्यमी, स्वसहायता समूह सदस्य, विभागीय अधिकारी, पारंपरिक कारोबारी और एमएसएमई प्रतिनिधि शामिल रहे। यह कार्यशाला स्थानीय उद्यमियों, महिला समूहों और कारोबारियों को डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से ब्रांडिंग, विपणन और बिक्री क्षमता में वृद्धि की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुई।

कार्यशाला का शुभारंभ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को ई–मार्केटप्लेस और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से जोड़कर राष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सकती है। इस प्रकार की कार्यशालाएँ उद्यमियों और समूहों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। रायपुर से आए मास्टर ट्रेनर श्री रोहित तिवारी ने गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस जेम पर पंजीकरण, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग विकास और एमएसएमई ई–इनवॉइस से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी।

रस्म : 9 दिनों तक भूखे प्यासे एक ही जगह बैठ, कर रहे माई दंतेश्वरी की आराधना

# नवरात्रि को लेकर बड़ेडोंगर में की गई जोगी बिठाई की रस्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

मां दंतेश्वरी के पावन धरा व अध्यात्म नगरी बड़ेडोंगर में नवरात्रि पर्व का महत्वपूर्ण विधान जोगी बिठाई की रस्म विधि-विधान से मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना के बाद जोगी बैठाई की रस्म अदा की गई। नवरात्र की शुरुआत के साथ ही मां दन्तेश्वरी के प्रथम पुजारी के रूप में जोगी 9 दिनों तक एक ही जगह बैठकर कठिन व्रत रखते हैं।

मंदिर समिति के द्वारा दंतेश्वरी मंदिर में पुजा अर्चना पश्चात विधि विधान से कन्हारगाँव के नेताम परिवार के मनसा राम को जोगी के रूप में बैठाया गया। मंदिर परिसर से महज कुछ दूर मंदिर के मुख्य द्वार के समीप एक खुले कमरे में 9 दिनों तक उपवास रखकर क्षेत्र की खुशहाली और मंगल कामना के लिए निस्वार्थ भाव से भक्ति में लीन होकर कन्हारगाँव के नेताम परिवार के मनसा राम जोगी स्वरुप में लगातार 16 वर्षो से बैठ कर माता की आराधना करते आ रहे है। साधना काल के दौरान उनकी सेवा के लिए परिवार जन लगे हुए हैं। जोगी बैठाई की परम्परा रियासत काल पूर्वजो से चली आ रही है जिसका निर्वाह नेताम परिवार के वंशज करते आ रहे है।



नेताम परिवार को अपनी पांच पीढ़ी तक की जानकारी है यह छटवीं पीढ़ी चल रही, जिसमे पीलु जोगी, दादा जोगी, गुमान जोगी, अमरु जोगी, अमर सिंह जोगी जेठु जोगी ये सभी जोगी के रूप में बैठते आ रहे है।

### *पूर्वजों की परंपरा निभा रहा जोगी परिवार*

*इसकी जानकारी जोगी परिवार को नहीं है पर पुर्वज शारदीय नवरात्र में छोटे से गड्ढे में जोगी रूप में बैठते आ रहे है इसी विधान को माता के आर्शीवाद से वे निरंतर बनाये हुए है। कन्या भोज के पश्चात जोगी उठाई की परम्परा मंदिर समिति के द्वारा की जाती है जिसकी पुरी व्यवस्था मंदिर समिति, ग्रामीणों और पुजारियो द्वारा की जाती है।*

### दंतेश्वरी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**फ़रसगांव।** देव नगरी बड़ेडोंगर के दंतेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्र की अष्टमी के दिन मंगलवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का जत्था मंदिर परिसर में पहुंचने का शिलशिला शुरू हुआ जो देर शाम जारी रहा। हजारों की संख्या में भक्तों ने कतार में लग कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता दंतेश्वरी के जयकारों के बीच दर्शन कर आशीर्वाद लिया। नवरात्र पर्व पर ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ दूर-दराज़ से भी भक्त बड़ी संख्या में यहां पहुंचे। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान धारण कर माता की आराधना की तो युवा वर्ग ने भी श्रद्धा और उत्साह से पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस दौरान भक्तों ने मां दंतेश्वरी के विशेष पूजा-पाठ किए, नारियल और चुनरी अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और "जय माता दी" के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। मंदिर समिति एवं पुलिस प्रशासन और एनसीसी के गर्ल्स केडेट्स की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वहीं जिले के पुलिस प्रशासन ने मां दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया, जहां खुद उप पुलिस अधीक्षक कोंडागांव कौशलेंद्र पटेल के द्वारा भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ेडोंगर थाना प्रभारी भुनेश्वर नाग, एएसआई ध्रुव, सहित पुलिस स्टाफ, सीएएफ के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# जनपद सभा कक्ष में नए उप अभियंता का सरपंच संघ ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के जनपद सभा कक्ष में नवपदस्थ उप अभियंता विनय कुमार देवांगन का सरपंच संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए सरपंच संघ की अध्यक्ष शकुंतला नरेटी ने कहा कि विनय देवांगन के दुर्गुकोंदल जैसे अति अंदरूनी क्षेत्र में आने से विकास कार्यों की गति में तेजी आएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि लंबे समय से अटके हुए निर्माण कार्य और पंचायतों की तकनीकी आवश्यकताओं को अब शीघ्रता से पूरा किया जा सकेगा। सभा कक्ष में उप अभियंता देवांगन का पारंपरिक तरीके से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित सरपंचों ने उनसे विकास कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने की अपेक्षा जताई। अंत में सरपंच संघ मीडिया प्रभारी रजलाल आचला ने कहा कि पंचायतों के विकास कार्य अब और प्रभावी होंगे तथा जनता की उम्मीदें पूरी होंगी। कार्यक्रम का माहौल सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण रहा, जिसमें सभी ने मिलकर दुर्गुकोंदल क्षेत्र की प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, सरपंच संघ सचिव मुकेश गावड़े, उपाध्यक्ष बलराम टेपरिया, रमशिला कोमरा, कुबेर दरों, शिवलाल ध्रुवा, मुकेश नरेटी, हीरेसिंह दरों, हरिषा मंडावी, अनुपा कोवाची, फुलेश्वरी कड़ियांम, सोहनतीं ध्रुवा, रमुला नरेटी, फूलमत लतीफ पिद्दा, कमला हिडको समेत जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# सरपंच को सपोर्ट करने की बात को लेकर परिवार को मिली जान से खत्म करने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 25 में एक परिवार को जान से मारने की धमकी दिया। आरापियों ने सरपंच को सपोर्ट करने की बात करते हुए परिवार वालो को गाली दिया और जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ माामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 25 रामकृष्णपुर निवासी 61 वर्षीय विमल व्यापारी पिता विनोद व्यापारी ने पुलिस को बताया कि 29 सितंबर को मैं अपने परिवार के साथ घर पर था। शाम करीबन साढ़े 7 बजें मेरे घर के बाहर से कुछ आवाज आ रहा, जिसे सुनकर मैं और मेरे घर वाले बाहर निकले देखा कि महिम विश्वास, प्रशांत हालदार, चिरंजीत हालदार, संजित सिकदार और अमृत मण्डल



खड़े थे और सभी मुझे बोल रहे थे कि तु सरपंच को सपोर्ट करने के लिए दो लाख लिया है और उसी पैसा से नया ट्रेक्टर ट्राली खरीदा है। मैं उन लोगो को गाली देने से मना किया तो महिम बोला कि हम लोग बाबु हालदार के आदमी है, तू कौन होता है बोलने वाला, हम मर्डर कर देंगे और तेरे परिवार वालों को भी नहीं छोड़ेंगे की धमकी देते हुए गाली देने लगे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिम विश्वास, प्रशांत हालदार, चिरंजीत हालदार, संजित सिकदार और अमृत मंडल के खिलाफ धारा 191 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के सभा कक्ष में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम सोड़सिवनी निवासी कुन्ती मरकाम ने प्रधानमंत्री आवास की मांग रखी। ग्राम एटेकोन्हाड़ी निवासी मनीष राणा ने बीएसएनएल टावर चालू कराने के लिए आवेदन दिया। ग्राम मलनार पुजारी पारा निवासी जयतराम मंडावी ने वन अधिकार पत्र की मांग की। इस जनदर्शन कार्यक्रम में विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए।

# महतारी वंदन के राशि की वसूली बिजली बिल से कर रही सरकार : पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक संतराम नेताम ने बिजली बिल में हुई भारी बढ़ोतरी को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार का स्मार्ट मीटर, जनता की जेब से अप्रत्याशित टैक्स वसूलने का पर्याय बन चुका है। सत्ता में आने के बादसरकार के मंत्रियों ने बड़े जोर-शोर से दावा किया था कि स्मार्ट मीटर से सटीक बिल मिलेगा और उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिलेगी। लेकिन वास्तविकता इससे उलट है। वे आज भाजपा सरकार को कोसते हुए कह रहे हैं कि यह सरकार महतारी वंदन की राशि की वसूली बिजली बिल के माध्यम से कर रही है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को अपेक्षा से कहीं अधिक बिजली बिल का झटका लग रहा है। जुलाई तक जिन घरों का बिल 200–250 रुपये आता था, वहां अब 600 रुपये से ज्यादा का बिल आ रहा है। कई उपभोक्ताओं के बिल तीन से चार गुना तक बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरी कर रोज 200–300 रुपये कमाने वाले मेहनतकश लोगों की आधी से ज्यादा कमाई अब बिजली बिल में जा रही है। इससे लोगों का घरेलू बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है।



- बढ़े हुए बिजली बिल से परेशान आम लोग
- कांग्रेस के समय हाफ बिल योजना का लाखों लोगों को मिल रहा था लाभ

पूर्व विधायक ने कहा कि बिजली बिल से जनता परेशान है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेची जा रही हैं। कांग्रेस की सरकार के समय से वर्तमान भाजपा सरकार के राज में हर उपभोक्ता का औसतन बिजली बिल दुगुना हो गया है। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हॉफ योजना शुरू किया था, जिसका लाभ प्रदेश के 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रुपए तक की बचत हुई है। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए गए 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था। उन्होंने आगे कहा कि इस माह बढ़े हुए आए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है, औसतन हर उपभोक्ता का बिजली बिल दुगुना आया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिया हैं, बिजली बिल हाफ योजना बंद हो गई। स्मार्ट मीटर लगाए गए है जो अनाप शनाप खपत से अधिक रीडिंग बता रहा जिससे बिल अधिक आ रहा हैं।

# 3 को होगा 100 गवां सतनामी समाज का एकादशीय राज्याभिषेक राजा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 100 गवां सतनामी समाज स्थापना एवं गुरूद्वारा धर्मसभा संसद प्रथम परिसीमन कोंडागांव के बैनरतले, ग्राम कुसमा में 3 अक्टूबर 2025, दिन शुक्रवार को महान प्रतापी राजागुरू गुरूबालकदास साहेब के एकादशीय राज्याभिषेक राजा मेला का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान संयोजक धर्मचेला लखमूराम टंडन के नेतृत्व में यह आयोजन लगातार सातवें वर्ष हो रहा है। यह मेला छत्तीसगढ़ प्रदेश के 100 गवां सतनामी समाज के 57 परिसीमन में एक साथ एक ही दिन मनाया जा रहा है।राज्याभिषेक राजा मेला में इस वर्ष 10 जिले और 137 गांव से समाज के हजारों लोग शामिल होंगे। विशेष अतिथि रहेंगे शामिल इस आयोजन में शामिल होने वाले प्रमुख अतिथियों में केदार कश्यप केबिनेट मंत्री छग शासन, नित्यानंद गोंड शिक्षा मंत्री ओडिशा शासन, विशिष्ट अतिथि सुश्री लता उसेंडी विधायक कोंडागांव एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण, नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल शामिल होंगे।

- हजारों की संख्या में समाज के लोग होंगे आयोजन में शामिल



### मेला का उद्देश्य

मेले का उद्देश्य परमपूज्य गुरूघासीदास बाबा के सतनाम धर्म, संस्कृति और इतिहास को जन–जन तक पहुंचाना है। साथ ही बलिदानी राजा गुरूबालकदास साहेब के राज्याभिषेक के ऐतिहासिक क्षण को याद करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

इस वर्ष के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोक कलाकार एवं गायक भगत गुलेरी, लोक कला मंच पामगढ़ अपनी प्रस्तुति देंगे। इसे लेकर समाज में विशेष उत्साह है। राजा मेला को सफल बनाने के लिए सभी गांवों से घर–घर चंदा इकट्ठा किया जा रहा है और तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं।

## पेज 9 के शेष

### प्रतिबंधित टेबलेट व...

टेबलेट 50 नग एवं एवं एनीरेक्स प्लस सिरप 02 नग शीशी बरामद हुआ। संदेहियों से पुछताछ के दौरान अपने साथी अल्ताफ निवासी कांकेर, वरूण निवासी कांकेर, निमेश मेहरा निवासी टिकरापारा संतोषी मंदिर के सामने कांकेर के साथ ग्राम पोड़ी उड़ीसा के राजू मेडिकल स्टोर से खरीद कर लाकर योजना बनाकर लाभ अर्जित करने के लिए कांकेर शहर में बिक्री करना बताया।

आरोपियों का उक्त कृत्य से एनडीपीएस एक्ट के धारा 21, 22, 29 का अपराध घटित करना पाए जाने से आरोपियों के विरूद्ध थाना कांकेर में उक्त धारा सदर का अपराध कायम किया गया। आरोपियों को 30 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। प्रकरण में अवैध मादक पदार्थों के खरीद- बिक्री एवं सेवन में कांकेर एवं आसपास के कुछ व्यक्तियों का नाम सामने आया है, जिस संबंध में भी विवेचना की जा रही है।

**कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका :** सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी, प्रधान आरक्षक जीवधन यादव, आरक्षक लोकेश पोटाई, राजकुमार नेताम,रूद्रकुमार जुर्री का अहम भूमिका रही।

### बस्तर विकास प्राधिकरण...

अलावा ई-ऑफिस के माध्यम से सभी फाईलों को मूवमेंट स्वयं करने और अधीनस्थ कार्यालयों को इस आशय के निर्देश जारी करने के लिए कहा। इसी तरह उन्होंने एलडब्ल्यूई सर्वे, नियद नेल्लानार योजनांतर्गत सर्वे, सामाजिक अंकेक्षण, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा पोषण पुनर्वास केन्द्र की स्थिति और अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अलावा विभिन्न एजेण्डों की प्रगति की भी साप्ताहिक समीक्षा की। आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर सहित अनुविभागीय अधिकारी तथा जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में...

में इलाज कराया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 2282 के चालक शैलेंद्र यादव के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### संघ का जामगांव...

पारंपरिक गणवेश और सांस्कृतिक झांकियों के साथ शामिल होंगे। इस पद संचलन की विशेषता यह होगी कि इसमें मातृशक्ति के साथ-साथ युवा वर्ग और ग्रामवासी भी बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। आयोजन का उद्देश्य सामाजिक एकता, संगठन की शक्ति तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता का संदेश देना है। पद संचलन की तैयारी को लेकर ग्राम जामगांव में उत्साह का वातावरण है। ग्रामीण महिलाएँ और पुरुष मिलकर इसकी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष बैठकें भी की जा रही हैं।

**अनुशासन और संस्कृति का संदेश :** आयोजनकर्ताओं का कहना है कि यह पद संचलन केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना का जीवंत उदाहरण होगा। इसमें भाग लेने वाले स्वयंसेवक समाज सेवा और राष्ट्रहित के संदेश को आमजन तक पहुँचाएँगे।

**प्रशासनिक व्यवस्था :** आयोजन को लेकर स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग भी सतर्क है। पद संचलन के दौरान यातायात व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए समुचित प्रबंध किए जाएंगे।

### देवी मंदिरों व...

को 4 बजे प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने कुण्ड को सजाकर पूजन कार्य शुरू किया, जिसमें पंडित चिंतामणि मिश्रा ने पूजा करवाते हुए हवन कार्य करवाया। मंदिर में पुजारी पूरन माली, खिलावन प्रसाद माली व श्रद्धालुओं द्वारा माता को अंतिम महाआहुति देकर विदा दिया गया। हवन पूजन के बाद महाआरती कर बुधवार 1 अक्टूबर को नौ कन्याओं को भोज और उसके बाद भंडारा होगा।

सार्वजनिक स्थलों पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रखी प्रतिमा स्थलों पर अष्टमी की देर शाम को हवन शुरू किया गया, कई समितियों के द्वारा नवमीं को आज हवन किया जाएगा। मंदिरों पर सुबह से श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। कांकेर शहर का माहौल दिनभर भक्तिमय बना रहा।

प्रतिमा स्थलों पर हवन व पूजन होने से माहौल भक्तिमय बना रहा। समितियों के सदस्यों का कहना था कि आज हवन हो रहा है और दशहरा के दिन विसर्जन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### वृद्धजन दिवस आज

दंतेवाड़ा। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक विकसित करने हेतु 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन ऑडिटोरियम जावंगा गीदम में किया जा रहा है।

### जयसन बघेल को दी आत्मीय विदाई



बीजापुर। जिला जनसंपर्क कार्यालय बीजापुर में दफ्तरी के पद पर वर्ष 2010 से पदस्थ रहे जयसन बघेल को सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आत्मीय विदाई दी गई। इस मौके पर सभी ने उन्हें उनके समर्पित सेवाकाल के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह के दौरान जिला जनसंपर्क अधिकारी दिनेश नेताम, सहायक ग्रेड-01 सुरिज बघेल, जिला समन्वयक ऋषभ दीवान, हृदय मांझी, शंकरिया राव एवं चरण सिंह भंडारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। सभी ने बघेल के सहज स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं कार्य के प्रति लगन की सराहना की।

### मृतकों के परिजनों को 20 लाख की सहायता

बीजापुर। कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवारों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश एवं अन्य प्रकार से मृत्यु के प्रकरणों में मृतक सुखराम मरकाम के निकटतम वारिस उनके पुत्र संजय मरकाम निवासी ग्राम मरकापाल, मृतिका पार्वती कुड़यिम के निकटतम वारिस उनके पिता मासा कुड़यिम निवासी ग्राम जैवारम, मृतिका जयदई नाग के निकटतम वारिस उनके पति मोहन लाल निवासी ग्राम जांगला, मृतक जग्गू लेखामी के निकटतम वारिस उनकी माता बत्ती बाई लेखामी निवासी ग्राम मंगनार, मृतिका लक्ष्मी पुनेम के निकटतम वारिस मंगलू राम निवासी ग्राम मर्रामेटा प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए कुल 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

## पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाएं...



तोकापाल। सावर्जनिक नवदुर्गा उत्सव समिति में 25 वर्ष से माता स्थापित



सावर्जनिक नवदुर्गा समिति परपा में 30 वर्ष से देवी दुर्गा स्थापित



सावर्जनिक नवदुर्गा समिति बेडागुड़ा में दुर्गा स्थापित

# बतकम्मा पर्व भक्तिमय व हर्षोउल्लास के साथ मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर/मददेड

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लाक के अन्तर्गत शारदीय नवरात्रि एवं बतकम्मा का पर्व बड़े ही भक्तिभावना, श्रद्धा, हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मददेड के अन्तर्गत सभी दुर्गा, पण्डाल ओर बतकम्मा पंडालों में झालर, लाईट, रंग बिरंगी, चमकतीं लाईट की रोशनी के साथ पण्डाल को सजाया गया है।

मां दुर्गा का मूर्ति स्थापना पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। पण्डित के द्वारा रोज सुबह शाम पूजा अर्चना किया जा रहा है। दुर्गा ओर बतकम्मा पण्डालो में शाम होते ही श्रद्धालु और

**■ सुहागन महिलाओं के लिए बतकम्मा प्रसिद्ध पर्व**

भक्तन के साथ बच्चों बड़े बुजुर्गों की भारी भीड़ लग जाती है। बहुत से श्रद्धालु 9 दिनों तक मां दुर्गा का श्रध्दा व निष्ठा के साथ उपवास करते है। इस बतकम्मा को अविभाजित आंध्रप्रदेश से तेलंगाना राज्य अलग होते समय भी महिलाओं के द्वारा जब भी रास्ता रोखो आंदोलन किया जाता था, तब महिलाओं के द्वारा बतकम्मा बना कर चौक चौराहों में रखकर बतकम्मा खेलते हुए रास्ता रोखो आंदोलन को सफल बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जब तेलंगाना राज्य का विभाजन हुआ, तब से वर्तमान सरकार के



द्वारा विशेष महत्व दिया जा रहा है। यह पर्व तेलंगाना राज्य का राज्यीय पर्व के रूप में मनाते आ रहे है। इस पर्व को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मनाते है। क्योंकि यह तेलंगाना राज्य से सटे होने के कारण हमारी रोटी बेटी का रिश्ता बहुत पहले से ही बना हुधा है, और यह संस्कृति आदान प्रदान होता है। ग्राम मददेड के सीता राम शिवालय समिति के महिलाओं ने बताया कि बतकम्मा 80 व 90 वर्ष के पूर्व से मनाते आ रहे हैं। शारदीय नवरात्रि की तरह पूरे नौ दिनों तक बीजापुर जिले के प्रत्येक गांव, गली मोहल्ला भक्तिमय वातावरण में डूबा रहता है। नवरात्रि में बहुत से माता, बहनें, भक्तगण मनोकामना ज्योत जलाते है। शारदीय नवरात्रि के साथ तेलंगाना की संस्कृति को देखने को मिला, जो बतकम्मा मां गोरी के स्वरुप से जाना जाता है। पर्व अश्विन मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या से प्रारंभ होता है, जिसे तेलुगु भाषा में एंगीली फूला अमावस्या से प्रारंभहोकर सड्डुला बतकम्मा तक नौ दिनों तक चलता है। जिसे सभी सुहागन महिलाएं बड़े भक्ति श्रध्दा के साथ रोज सुबह उठकर शारद ऋतु के मौसम में खिलने वाले तरह तरह रंग बिरंगे फूलो को एकत्रित करते है, और माता गौरी के नाम से उपवास रहकर एकत्रित किये हुए फूलो को लेकर एक बड़ा प्लेट में उन रंगबिरंगे फूलो को गोलाकार में सजाते सबसे ऊपर एक गीपरम बनाकर उसमें हल्दी से माता गोरी स्वरुप को बनाकर स्थापना कर पुजा की जाती है। सभी सुहागन महिलाएं शाम होते ही अपने-अपने मोहल्ले व पारा में एकत्रित होकर तुलसी चबूतरा में बतकम्मा को रख कर उसके चारों ओर परिक्रमा करते हुए तुलुगु में माता पार्वती गौरी का गीतों का गायन ताली बजाते नाचते हुऐ गोल गोल चक्कर लगाते है।

### पर्व नारी शक्ति का है प्रतीक



गीदम। विगत कुछ वर्षों से गीदम नगर में बतुकम्मल पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया जा रहा है। यह पर्व तेलगु संस्कृति से जुड़ा है। यह पर्व प्रति वर्ष नवरात्र के दौरान अश्विन मास में मनाया जाता है, इसकी अवधि नौ दिनों की होती है। इस पर्व में गौरी पूजा होती है जो कि दुर्गा जी का रूप है। यह पर्व नारी शक्ति का प्रतीक माना जाता है। इसमें प्रत्येक महिला भक्तों द्वारा बतुकम्मल की रचना कर एक निर्धारित स्थान पर रखकर नाच गानों के साथ संध्या से रात्रि तक पूजा अर्चना किया जाता है। बतुकम्मल की रचना विभिन्न प्रकार के फूलों से गोल पिरामिड के आकार में बनाया जाता है। इसकी स्थापना नवरात्र के पूर्व संध्या पर एवं समापन अष्टमी के रात्रि में किया जाता है। इन बतुकम्मल का विसर्जन नदी या तालाब में किया जाता है। इस वर्ष बतुकम्मल मनाने हेतु गीदम नगर के प्रतिष्ठित सरस्वती शिशु मंदिर गीदम के प्रांगण में 22 सितंबर के संध्या में स्थापना हुई तथा पूरे नौ दिनों तक प्रत्येक रात्रि में तेलगु बाजा के साथ शहर की महिलाएं गीत गानों के साथ पूजा अर्चना करते हुए 30 सितंबर की रात्रि को समापन पूजा किया गया एवं नगर में एक मनमोहक शोभा यात्रा निकालकर बाजा गांजा के साथ शहर के तालाब में विसर्जन किया गया। इस पर्व को मनाने में बतुकम्मा उत्सव समिति गीदम का विशेष योगदान रहा साथ ही विशेष कर नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना एवं विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे का योगदान रहा इसके लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# बंगाली कैंप में स्थापित किया गया दुर्गा प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

वार्ड क्रमांक 15 बंगाली कैंप में दुर्गा पूजा 28 सितंबर से प्रारम्भ हो चुका हैं, पांच दिनों तक चलने वाली पूजा के लिए पंडाल को आकर्षक सजाया गया हैं।

इस बार किरंदुल से 11 फीट की दुर्गा, महिषासुर, गणेश, कार्तिक, लक्ष्मी और सरस्वती की मूर्तियां लाई गई है। बजाने के लिए ढाक पाखनजोड़ से और पूजा संपन्न कराने के लिए ब्राह्मण उड़ीसा के मलकानगिरी से लाया गया है। पूजा समिति के अध्यक्ष दिनेश गाइन ने बताया कि छठे नवरात्र पर पहले दिन दुर्गा पूजा का शुभारंभ होगा। सातवें नवरात्र पर गणेश की पत्नी की पूजा होगी। अष्टमी के अवसर पर 108 कमल फूलों और 108 दीपक जलाकर संध्या में मां दुर्गा की पूजा होगी एवं धुनुची की डांस होगा। उन्होंने बताया कि नौवे दिन हवन का आयोजन किया जाएगा।

दसवे दिन सुंदर सिंदूर खेला और मां दुर्गा को गाजे बाजे के साथ विसर्जन किया जाएगा। सप्तमी, अष्टमी और नवमी विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पूजा समिति के सदस्यों ने यह भी कहा कि पंडालो में पारंपरिक बंगाली रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। धुन नृत्य प्रतियोगिता और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है।

# राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेकर लौटे खिलाड़ियों का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर ने अपनी शैक्षणिक एकेडमिक गतिविधियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के साथ ही खेलकूद में भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। इस वर्ष इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शालेय खेलकूद में विभिन्न विधाओं की राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेकर संस्थान का नाम रौशन किया है। इन खेलों में भाग लेकर लौटे खिलाड़ियों का विद्यालय परिवार ने अभिनन्दन किया।

विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव के बताया कि खो-खो की नेशनल स्पर्धा कटक ओड़िशा में हुई, जिसमें संजू मिडियामी व सुनील मंडावी ने भाग लिया। कबड्डी नेशनल एवं स्कूल गेम्स



फेडरेशन ऑफ इंडिया बागलकोट कर्नाटक में सुरेश कुंजाम, क्रिकेट की नेशनल स्पर्धा कुरुक्षेत्र हरियाणा में हुई जिसमें रवि वेक ने भाग लिया। एथलेटिक्स नेशनल स्पर्धा लखनऊ उत्तरप्रदेश में हुई, जिसमें भाला फेंक में अजय पदम, 800 मीटर दौड़ में अनिता मंडावी, ऊंची कूद में पल्लवी, हैंडबॉल नेशनल में माही नाग ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसी तरह तेलंगाना के मेंडक में आयोजित सुब्रतो कप कप नेशनल फुटबॉल स्पर्धा अंडर -15 में जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर की 16 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लेकर संस्थान का मान बढ़ाया है।

प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में पढ़ाई के साथ खेलकूद व अन्य शैक्षणिकेत्तर गतिविधियों को भी पर्याप्त तवज्जो दी जाती है।

# नगर में माई जी की डोली का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

मालवी परघाव के लिए बस्तर महाराज द्वारा निमंत्रण देने के बाद बस्तर की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने मंगलवार शाम जगदलपुर की ओर रवाना हुई।

इस दौरान माई जी की डोली व छत्र शाम लगभग छः बजे जिले के व्यवसायिक नगरी गीदम के हारम चौक पहुची जहां क्षेत्रीय देवी देवताओं की उपस्थिति में लोगो ने भव्य रूप से स्वागत किया। हारम स्थित दुर्गा पंडाल के सामने भी लोग माई जी के छत्र व डोली का दर्शन करने लम्बी कतारों में खड़े रहे। हारम में स्वागत व पूजा अर्चना के बाद माई जी की डोली मुख्य मार्ग से



होते हुए गीदम के पुराने बाजार परिसर स्थित माई जी के स्तम्भ पूजा स्थल पहुँची जहा पारम्परिक तरीके से पूजा अर्चना कर माई जी के सम्मान में सलामी दी गई। इसके पश्चात बाबा रामदेव मन्दिर में लोगो ने माई जी के डोली व छत्र का भव्य स्वागत किया। माई जी के आगमन के दौरान पूरा गीदम नगर माता रानी के जसगीतो व जयकारों से गूंज उठा। डीजे की धुन में भी लोग जमकर थिरकते हुए नजर आए। इसके साथ ही आदिवासी नर्तक दल भी स्वागत के लिए यहां शामिल रहा। बाबा रामदेव मन्दिर के बाद माई जी की डोली मुख्य मार्ग से होते हुए फारेस्ट नाका के पास साहू समाज गीदम के दुर्गा पंडाल पहुची। हारम से लेकर नगर के अंतिम छोर तक सभी लोगो ने मां दंतेश्वरी का भव्य रूप से स्वागत किया। महिलाएं आरती की थाली लेकर माता के छत्र व डोली की पूजा अर्चना करती नजर आई। माई जी की डोली के स्वागत व दर्शन के लिये लोग मार्ग के दोनों तरफ खड़े रहे। गौरतलब है कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व पर मावली परघाव की रस्म में शामिल होने माई जी की डोली राज परिवार के निमंत्रण के बाद मंगलवार को जगदलपुर की ओर रवाना हुई इस दौरान गीदम शहर पहुँचते ही जगह जगह भक्तो ने माई जी की डोली का भव्य रूप से स्वागत किया।

# ग्राम पंचायत मराईगुड़ा एक की बदली तस्वीर





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

राज्य के अंतिम छोर पर बसे कोंटा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम पंचायत मराईगुड़ा वन में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का लाभ ग्रामीणों अब मिलना चालू हो गया है। सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व और सकारात्मक पहल से यहाँ हाल ही में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र एडीएसके की शुरुआत हुई है। विकास की इस नई कहानी ने अब इस क्षेत्र के आसपास गाँवों को भी नई पहचान दी है। मराईगुड़ा वन की सरपंच कुमारी स्वप्ना कोरसा ने बताया कि पहले ग्रामीणों को आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र, पेंशन, बैंकिंग या आयुष्मान कार्ड जैसी मूलभूत शासकीय सेवाओं के लिए कोंटा, दोरनापाल या जिला मुख्यालय सुकमा तक 150 किमी की यात्रा करनी पड़ती थी। इसमें उनका 1 से 2 दिन का समय और 500-600 रुपये तक का खर्च आता था। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। गांव में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित होने से ग्रामीणों को बहुत सहूलियत हो रही है। अब यही सेवाएँ गाँव में ही उपलब्ध हैं। केंद्र के माध्यम से अब तक 1 करोड़ रुपये से अधिक का डिजिटल ट्रांजेक्शन हो चुका है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन की यह पहल ग्रामीणों की जरूरतों से सीधे जुड़ी है और लोगों का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है।

ग्रामीणों के समय और धन की बचत, अब छोटे-छोटे कामों के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। ग्रामीण डिजिटल सशक्तिकरण, ग्रामीण ऑनलाइन आवेदन और डिजिटल पेमेंट से परिचित हो रहे हैं। केंद्र स्थापित होने से पारदर्शिता और भरोसा बढ़ा और बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही



गीदम। जिले में यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गोविन्द दीवान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में गीदम पुलिस लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। गीदम पुलिस द्वारा नवरात्रि के अवसर पर पद यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जाँच की गई। जाँच के दौरान एक लोहे से भरी ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एलए 2660 के वाहन चालक बाबा कुमार तिवारी पिता सत्या प्रसाद तिवारी उम्र 44 वर्ष पता वार्ड क्रमांक 10 रामनगर जिला वाराणसी उप्र शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाए जाने पर उक्त चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

# स्कूटी में सुपरमेन बनकर उड़ने लगा युवक

## लाइक्स के चक्कर में जान डाल रहे जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

सोशल मीडिया में हुए वायरल वीडियो जिसमें स्कूटी पर स्टंट करने वाले युवको पर कोतवाली पुलिस नें मोटर यान अधिनियम की तहत अपराध दर्ज किया है।

28 सितंबर की रात बीजापुर मुख्य मार्ग में स्कूटी वाहन में चार युवक सवार थे औऱ चारों अपने कांधे पर ढोकर सुपरमैने की तरह स्टण्ड माते हुए तेज रफ़्तार से वाहन चला रहे है, यह नजारा ठीक कोतवाली थाने के सामने का है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है शहर में पुलिस का कोई खौफ नहीं और यातायात व्यवस्था कितनी बे



लगाम है वाहन चालने वाले मंचले लड़कों का इस दौरान बैलेंस बिगड़नें पर परिणाम गंभीर परिणाम हो सकता था। सोशल मीडिया में तेजी से वीडियो वायरल होने के बाद, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादवा नें सख्ती दिखाई औऱ कोतवाली पुलिस को निर्देश देने के बाद तत्काल नीले रंग की एक्टीवा,वाहन में करतब दिखाने वाले 5 लड़को को गिरफ्तार किया जिसमें से एक युवक नाबालिग बताया जा रहा है जिनके विरुद्ध यातायात नियमों की अनदेखी कर लापरवाहीपूर्वक असुरक्षित तरीके से बिना हेलमेट लगाए स्टंट करते हुए वाहन चालनें, मोटर व्हील एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

सोशल मीडिया में विवर्स, लाइक पाने के लिए युवक अपनी जान जोखिम में डाल अनेक अथकण्डे अपना रहे है, जो खुद मुसीबत में डालने के साथ साथ अन्य लोगों को भी जोखिम में डालनें में गुरेज नहीं कर रहे।

### कर्मियों की हुई स्वास्थ्य जांच

जगदलपुर। भारत सरकार द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत बस्तर कलेक्टर हरीश एस के निर्देश और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के आदेशानुसार सोमवार को जिलाधीश कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों के लिए एक स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में आज की थीम स्वस्थ मां के अंतर्गत कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारी समेत सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

# विजेताओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सांस्कृतिक एवं कला उत्सव समृद्धि-उद्भव का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मांडवी ने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता हैं। वहीं सांस्कृतिक विविधताओं के संरक्षण और प्रसार का भी माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम में सीईओ पंचायत प्रतीक जैन, शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय के डीन आर.एस. नेताम, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल वेदवती कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत एवं



अधिकारी उपस्थित रहे। दो दिवसीय उत्सव में प्रदेश के 33 जिलों से आए छात्र-छात्राओं ने 49 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों में लोकगीत, लोकनृत्य, चित्रकला, शिल्पकला, पारंपरिक वाद्य-वादन और नाट्यकला प्रमुख रहे। बच्चों के जोश और उत्साह ने दर्शकों को प्रभावित किया।

समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी।


HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भुरके कराकी में 8 अक्टूबर से होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम भुरके कराकी में गोड़वाना फाइटर क्रिकेट क्लब द्वारा 8 से 10 अक्टूबर तक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम के स्कूल पारा मैदान में किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 15,001, द्वितीय पुरस्कार 9,001 एवं तृतीय पुरस्कार 3,501 रूपए दिया जाएगा।

### गांधी जयंती पर कल से पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम मोखा में सत्यम क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामीण स्तरीय पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता 2 अक्टूबर गुरुवार से प्रारंभ होकर 6 अक्टूबर सोमवार तक चलेगी। आयोजक समिति ने जानकारी दी कि विजेता टीमों को आकर्षक नगद पुरस्कार एवं रनिंग शील्ड प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 20,000, द्वितीय 10,000 और तृतीय पुरस्कार 5,000 रूपए दिया जाएगा। इसके अलावा विशेष पुरस्कार 5,000 रूपए सरपंच सोमुराम कोरेटी द्वारा दिया जाएगा।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आज वृद्धजनों का होगा सम्मान

**कांकेर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में वृद्धजनों का सम्मान समारोह दोपहर 12 से सायं 04 बजे तक रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग, अध्यक्षता विधायक कांकेर आशाराम नेताम और विशिष्ट अतिथि विधायक अंतागढ़ विक्रम देव उसेण्डी, विधायक भानुप्रतापपुर सावित्री मण्डावी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मत्स्य बोर्ड भरत मटियारा एवं अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरूण कौशिक और जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े होंगे।

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे 30 नवंबर तक

**कांकेर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कांकेर से मिली जानकारी के अनुसार केन्द्रीय सैनिक बोर्ड नई दिल्ली द्वारा रक्षामंत्री विवेकाधीन निधि और प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजन का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रक्षामंत्री विवेकाधीन निधि छात्रवृत्ति योजना के लिए भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं के बच्चे जिन्होंने वर्ष 2024-25 में कक्षा पहली से 12वीं एवं स्नातक परीक्षा पास हुए हैं, वे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के लिए भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं के बच्चे जो तकनीकी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत प्रथम वर्ष में दाखिला लिए हैं।

### निधन

### रैसूराम गावड़े



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम सिहारी निवासी सेवानिवृत्त वनरक्षक रैसूराम गावड़े का 30 सितम्बर को रायपुर में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया, वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम सिहारी में किया जाएगा। वे सिहारी के सरपंच राम गावड़े एवं परमेश्वर गावड़े के पिता थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

समाज प्रमुखों का सुझाव विसर्जन के दौरान समिति के लोग पेपर ब्लोवर से कागज तथा झिल्ली का कचरा नहीं उड़ाएं

# नरहरदेव मैदान में कल आतिशबाजी के साथ होगा रावण दहन, राम-रावण युद्ध प्रसंग का होगा मंचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



शहर में 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर रावण दहन कार्यक्रम तथा दुर्गा विसर्जन की तैयारियों को लेकर नगर पालिका सभाकक्ष में सभी वर्ग, सभी समाज तथा सभी राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा किया गई। प्रमुखता से सुझाव आया की विसर्जन के दौरान पेपर ब्लोवर से उड़ाए जाने वाला पालिथीन तथा कागज के टुकड़ों को उड़ाए जाने से शहर में कचरा तथा प्रदूषण बढ़ता है। इस पर कड़ाई से रोक लगाई जाए। आयोजित बैठक को संबोधित करते विधायक आशाराम नेताम ने कहा कांकेर शहर की परंपरा रही है कि यहां सभी पर्व तथा कार्यक्रम सभी समाज, वर्ग तथा राजनैतिक दलों के लोग मिल जुलकर मनाते हैं। शहर की इस परंपरा को कायम रखने पूरा प्रयास किया जा रहा है। सभी समाज तथा वर्ग के लोग शहर के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लें। गणेश पर्व के दौरान जिस प्रकार सौहाद्रपूर्ण वातावरण में विसर्जन किया गया, उससे शहर की छवि में सुधार हुआ है। ऐसा ही सौहाद्र दुर्गा विसर्जन के दौरान भी सभी समिति के लोग प्रदर्शित करें। लगातार प्रयास से युवाओं के बीच नशे का प्रचलन कम हुआ है, इस दिशा में और काम करने की जरूरत है। शहरवासियों की भावनाओं को देखते हुए गढ़िया महोत्सव आयोजन नए स्वरूप में फिर से शुरू करने प्रयास किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी ने कहा पिछले कुछ सालों से नवरात्र पर्व के दौरान लगातार बारिश होती है, जिसकी वजह से आयोजन कराने में असुविधा हो रही है। यही कारण है इसे नए स्वरूप के साथ सभी की सहमति से चैत्र नवरात्र के दौरान करने प्रयास किया जाना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को रावण दहन कार्यक्रम नरहरदेव मैदान में आयोजित होगा।

शाम 5 बजे से कार्यक्रम रामलीला मंडली द्वारा राम रावण युद्ध प्रसंग के साथ शुरू होगा। इसके बाद परंपरानुसार मेघनाथ, कुंभकरण तथा रावण के पुतलों का दहन किया जाएगा। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी का आयोजन भी रखा गया है। सुरक्षा के लिए मैदान में बेरिकेटिंग, लाईटिंग, पार्किंग तथा अन्य प्रबंध किए जा रहे हैं। परंपरानुसार मेलाभाटा मैदान में भी रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। भाजपा नेता दिलीप जायसवाल ने कहा बैठक में उपस्थित सभी समाज तथा वर्ग के लोग अपने अपने वार्ड में दुर्गा समितियों के पदाधिकारियों तथा जिम्मेदारों से चर्चा करते सौहाद्रपूर्ण वातावरण में प्रदुषण रहित विसर्जन करने समझाइश दें। गढ़िया महोत्सव को शहर की पहचान बताते कहा इसे फिर से शुरू करने की जरूरत है। समाजसेवी ललित गांधी एवं संजय मंशानी ने कहा विसर्जन के दौरान डीजे के साथ पेपर ब्लोवर मशीन से कागज तथा झिल्ली का कचरा उड़ाया जाता है। इससे शहर में प्रदूषण बढ़ता है। इस पर पुरी तरह से रोक लगना चाहिए। आभार प्रदर्शन नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव ने किया।

### नवनिर्वाचित समाजप्रमुखों का सम्मान



बैठक में सिंध समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश आहूजा तथा यादव समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमृत यादव का विधायक आशाराम नेताम तथा नगर पालिकाध्यक्ष अरूण कौशिक ने शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। सिंध समाज में अध्यक्ष पद पर निवार्चन के लिए चुनाव की स्थिति नहीं बनाने अपना नाम वापस लेकर एकजुटता प्रदर्शित करने वाले बलराम फब्यानी का भी सम्मान किया गया।

## विसर्जन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने विजयादशमी दशहरा पर्व पर रावण दहन पश्चात मां दुर्गा प्रतिमा, ज्योत कलश और जंवारा विसर्जन के अवसर पर यथोचित कानून एवं लोक शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेशानुसार आदर्श नगर, शीतलापारा, शिवनगर, भण्डारीपारा, संजय नगर, श्रीरामनगर, आमापारा, बीटीआई मार्ग की दुर्गा प्रतिमाओं एवं मरादेव तालाब मार्ग की झांकी शोभायात्रा सहित नरहरदेव हाईस्कूल खेल मैदान एवं अलबेलापारा तालाब विसर्जन स्थल के लिए नायब तहसीलदार कांकेर अभिषेक देवांगन की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार सिंगारभाठ, बरदेभाठा, कोदाभाठ, लट्टीपारा, शांति नगर, एमजी वार्ड टिकरापारा, नया बस स्टैण्ड, मेलाभाठा के मॉ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन के लिए निकलने वाले झांकियों के साथ व मेलाभाठा में रावण दहन स्थल के लिए तहसीलदार कांकेर पुष्पराज पात्र की ड्यूटी लगाई गई है। अलबेलापारा तालाब में विसर्जित होने वाली समस्त दुर्गा प्रतिमाओं, शोभायात्रा के साथ पुराना बस स्टैण्ड, मस्जिद चौक, राजापारा, सुभाष वार्ड, सिंधी धर्मशाला मार्ग, मांझापारा आदि मुख्य मार्ग सहित कोमलदेव अस्पताल से मस्जिद चौक तक के लिए तहसीलदार सरोना मोहित कुमार साहू तथा अलबेलापारा तालाब में विसर्जित होने वाली समस्त दुर्गा प्रतिमाओं, शोभा यात्रा के साथ घड़ी चौक, अलबेलापारा, सेन चौक, माहुरबंदपारा, जवाहर वार्ड, अन्नपूर्णापारा, ऊपर-नीचे रोड आदि मुख्य मार्ग सहित अलबेलापारा तालाब मस्जिद चौक के पास से कलेक्टर बंगला घड़ी चौक तक के लिए नायब तहसीलदार कांकेर दुर्गावती कूजूर और घड़ी चौक से गोविन्दपुर एवं मुख्य मार्ग रावण दहन एवं समारोह स्थल नरहरदेव हाईस्कूल खेल मैदान तक नायब तहसीलदार सरोना संजय राय की ड्यूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अरूण कुमार वर्मा सम्पूर्ण कानून व्यवस्था के प्रभार पर रहेंगे।

## मासूम बच्ची को दूध में दिया और स्वयं भी जहर खाकर दे दी थी जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर




■ पुलिस ने किया मामला दर्ज

कोड़ेकुर्से थानांतर्गत ग्राम उईकाटोला में मॉ-बेटी के जहर सेवन से मौत होने के प्रकरण में पुलिस ने मर्ग कायम किया था। ग्राम उईकाटोला में राजू उईके के मकान लाड़ी में मृतिका दुर्गुकोंदल थानांतर्गत भट्टीपारा निवासी जंयती कुजांम एवं उसकी पुत्री ज्योति कुंजाम के जहर सेवन से मौत होने की जानकारी पर थाना कोड़ेकुर्से में मर्ग कायम किया गया। विवेचना में पाया गया कि मृतिका जंयती कुंजाम को मृतिका के पति गणेश कुंजाम द्वारा हमेशा गाली गलौज कर मारपीट लड़ाई झगड़ा कर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। हमेशा मर जाओ कह कर मरने के लिए उकसाता था। गणेश कुंजाम ने बोला था कि जहर खाकर मरना है तो मर जाओ, मेरा क्या जाएगा कहकर उकसाने पर मृतिका जंयती कुंजाम के द्वारा अपनी बेटी डेढ़ वषीय ज्योति कुंजाम पिता गणेश कुंजाम को जहर देकर व स्वयं भी जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली है। मृतिका के पास से मिले जहर डिब्बा, जहर लगा हुआ 1 नग स्टील गिलास व दूध के डिब्बा को प्रार्थिया द्वारा पेश करने पर वजह सबूत पुलिस कब्जा लिया गया है। प्रकरण में मृतिका ज्योति कुंजाम के शव का पीएम सीएचसी दुर्गुकोंदल में कराया गया। संम्पूर्ण मर्ग जांच पर अबोध बालिका डेढ़ वर्षीय ज्योति कुंजाम को उसकी स्वयं की मां मृतिका जंयती कुंजाम पति गणेश कुंजाम द्वारा यह जानते हुए भी कि अबोध बालिका ज्योति कुंजाम को जहर सेवन कराये जाने पर उसकी मृत्यु होगी, दूध में जहर मिलाकर पिला दिया गया, जिससे ज्योति कुंजाम की मृत्यु हो गई। प्रकरण में जंयती कुंजाम पति गणेश कुंजाम के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## नवजोत मां दुर्गोत्सव समिति ने अष्टमी पर किया हवन-पूजन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में इस वर्ष नवरात्रि पर्व का उत्साह विशेष रूप से बढ़ा हुआ है, क्योंकि नवजोत मां दुर्गोत्सव समिति दुर्गुकोंदल ने अपनी 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजन किया। महाअष्टमी के दिन दुर्गा मंच दुर्गुकोंदल पर विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष दीपक जैन, संरक्षक मुन्ना सिंहा, नरेंद्र जैन, सोमल जैन गेदलाल लावतें एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंडित द्वारा हवन पूजन किए गए, जिनमें दुर्गा अष्टमी के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति दी।

वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा। पंडित ने अंचल की सुख-शांति और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना का पर्व है, जो हमें जीवन में साहस और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही ग्रामीणजन, महिला-पुरुष और युवाओं की बड़ी संख्या दुर्गा मंच में पहुंची और माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, प्रसाद वितरण और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि बीते 30 वर्षों से लगातार दुर्गुकोंदल में दुर्गोत्सव का आयोजन हो रहा है और हर वर्ष श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या इस परंपरा को और भी मजबूत बनाती है। इस वर्ष के आयोजन को विशेष बनाने के लिए भव्य सजावट और सुंदर झांकियां भी तैयार की गई हैं, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस अवसर पर समिति ने सभी श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आगामी दिनों में भी दुर्गा मंच पर विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## ग्रामीणों ने सचिव पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, सरपंच ने पंचायत भवन में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजूर



जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत स्वरूप नगर एवं माचपल्ली में ग्रामीणों ने सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

■ पीएम आवास व राशन कार्ड बनाने में कर रहा मनमानी

ग्रामीणों का कहना है कि दोनों पंचायत में सचिव सूर्यकांत सरकार के द्वारा मनमानी करते हुए ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास एवं राशन कार्ड बनाने के नाम पर पैसा लिया जा रहा है। सचिव से नाराज ग्रामीणों ने सरपंच के साथ मिलकर पंचायत भवन में ताला लगा दिया गया।

ग्रामीण रजू राम, राजन गोला, विमल सिकंदर, अनिमा भक्त ने कहा की सचिव के द्वारा प्रधानमंत्री आवास के लिए 12 हजार और राशन कार्ड के लिए तीन हजार रुपए की मांग करता है, अगर दोगे तो आपका काम होगा नहीं तो कुछ भी कारण बता कर आपका घर निरस्त करवा दूंगा। कई ग्रामीणों ने तो पहली प्राप्त 40 हजार की किस्त से पैसा दे दिए है। हमारे द्वारा जंप सीईओ को शिकायत कर चुके है, अधिकारी के द्वारा जॉच कर कार्यवाही करने का सिर्फ आश्वाशन मिलता है परन्तु आज तक सचिव के ऊपरी किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई, जिसके चलते सचिव के हौसले बुलंद हैं। उपसरपंच नागेन्द्र हालदार, वार्डपंच शशांक मंडल, देवा मंडल ग्राम प्रमुख संतोष मंडल ने बताया कि सचिव के द्वारा भोलेभाले ग्रामीणों को गुमराह करते हुए हर काम के एवज में पैसा की मांग करता है, नहीं देने पर शास्त्र की योजना का लाभ आपको नहीं मिलेगा बोलता है। सचिव के द्वारा ग्रामसभा, आमसभा में किसी की भी नहीं सुनता ओर भोलीभाली आदिवासी महिला सरपंच को भी अधूरी जानकारी देकर प्रस्ताव में हस्ताक्षर करवा कर फर्जी कामों के बिना किए पैसा आहरण करता है। सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत भवन के सामने 100 मीटर सीसी रोड़ बिना बनाए ग्राम पंचायत का फर्जी प्रस्ताव बना कर राशि निकला ली है। परेशान होकर सरपंच ग्रामीण जनों ने एक जुट होकर ग्राम पंचायत भवन में ताला लगा दिया है। माचपल्ली ग्राम पंचायत में पिछले पांच माह का मानदेय वार्डपंचों को नहीं दिया जबकि सचिव के द्वारा राशि का आहरण किया जा चुका है। उपसरपंच धानसिंह आचला ने बताया कि मानदेय राशि को वार्डपंचों को क्यों नहीं दिया गया पूछने पर सचिव सूर्यकांत सरकार कहता है कि जिसको पास जन्नत हर जाओ, जिसको बोलना है बोलो मेरा कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता है पूरा कानूनी दांवपेच जानता हूं।

### कार्रवाई होने तक लगा रहेगा तालाः बत्तीबाई

सरपंच बत्तीबाई ने बताया कि सचिव की मनमानी से परेशान ग्रामीणों ने मुझे भी कई बार शिकायत की, लेकिन सचिव के द्वारा अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहा। अकेला ही फर्जी तरीके से प्रस्ताव बना कर राशि का आहरण करता है। आज ग्रामीणों की उपस्थिति में भवन में ताला लगा दिया गया है जब तक सचिव पर उचित कार्रवाई नहीं होगी तब तक कार्यालय बंद रहेगा। इस संबंध पर सचिव सूर्यकांत सरकार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार है। मेरे द्वारा किसी से भी पैसा नहीं लिया गया है। पीएम अवसर का पैसा हितग्राहियों की खाते में हमर होते है।

## महिला एवं बाल विकास अधिकारी वट्टी हुई सेवानिवृत्त, दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल




विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी आर वट्टी ने 36 वर्ष 4 माह की दीर्घ सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्त हुईं। इस अवसर पर विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में आर वट्टी ने कहा कि उन्होंने अपने सेवा जीवन दुर्गुकोंदल से शुरुआत सुपरवाइजर पद से की थी और अंत तक दुर्गुकोंदल से जुड़ी रहीं। इस दौरान उन्होंने भानुप्रतापपुर, कांकेर और दुर्गुकोंदल ब्लॉक में कार्य करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि जिस स्थान से मैंने अपनी सेवाओं की शुरुआत की थी, वहीं से सेवानिवृत्त होना मेरे लिए गर्व और संतोष की बात है। उन्होंने सहयोगी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विभागीय कार्यों को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में सभी का सहयोग सराहनीय रहा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे शासन की योजनाओं को उसी निष्ठा और ईमानदारी से आगे भी क्रियान्वित करते रहें और महिला एवं बाल विकास विभाग की साख को और ऊंचा करें। समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने वट्टी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सफल, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी बताया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह, श्रीफल और साल भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में राजेश्वरी मंडावी, सुमित्रा सलाम, देवकुमारी परिहार, मनीषा, सरिता एल्मा, दशोदा जैन, चंद्रकांता, देवकी सिंहा, भानुमति राणा, अब्दुल जिकर खान, दिनेश कुमार नरेटी, अखिलेश भारद्वाज, संतोषी तारम और कुमारी शहाबती यादव उपस्थित रहे।

## चिरायु द्वारा क्लब फुट बच्चों के लिए आयोजित की गई विशेष शिविर



**कांकेर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में कलेक्टर नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की निर्देशानुसार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय कांकेर में क्लब फुट टेढ़े-मेंढे पैर वाले बच्चों के उपचार के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 31 बच्चों को फॉलोअप एवं जन्मजात बालिका 07 दिन का भी ऑपरेशन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर ने बताया कि विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम सेमर निवासी सुखबती कुरेटी की बच्ची का जन्म सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमाबेड़ा में एक सप्ताह पहले हुआ, जिसमें बच्चे के पैर में विकृति पाई गई। चिरायु टीम द्वारा इसकी पहचान कर इसके उपचार की शुरूआत की गई। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में पदस्थ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुप पदमवार ने बताया कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति है, जिसका शीघ्र पहचान कर उपचार किया जावे तो इस विकृति से निजात पाया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर ने शिविर में उपचाररत बच्चों के परिजनों से मिलकर बच्चों के नियमित उपचार के लिए समझाईश भी दिया। शिविर में जिला स्तरीय एवं चिरायु टीम के डॉ. जयप्रकाश धीवर एवं फार्मासिस्ट प्रेमराज विशाल उपस्थित रहे।

सावित्री ने टिन सेड के लिए 5 लाख देने की घोषणा की

## विधायक ने आमागढ़ में कबड्डी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल




भानुप्रतापपुर विधानसभा की विधायक सावित्री मण्डावी ने दुर्गुकोंदल प्रवास के दौरान ग्राम आमागढ़ में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने कार्यक्रम के मंच से शिवलिंग के लिए 1 लाख तथा ग्रामवासियों को टिन सेड के लिए 5 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा से ग्रामवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मण्डावी ने सभी को महाअष्टमी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि नवरात्रि का यह पर्व शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। यह पर्व हमें जीवन में कठिनाइयों से जूझते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेल केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं देते बल्कि टीम भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जैसे गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करें ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गोपी बढाई, भानुप्रतापपुर जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कबड्डी प्रतियोगिता जैसे आयोजनों को ग्रामीण अंचल में खेल संस्कृति को मजबूत करने वाला कदम बताया। इस अवसर पर हुमन मरकाम, जनपद सदस्य सविता उयके, सोमदेव कोरोटी, पुनाउराम पोटाई, रजमन कोवाची, दिनदयाल गन्नू राम सहित कई पदाधिकारी, ग्रामीणजन और महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411